CISF AC(EXE) LDCE-2024

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : KASC–A–GIP** | **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 1000249

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता तथा वृत्तिक कौशल

**समय : दो घण्टे और तीस मिनट** | **पूर्णांक : 300**

### अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं है।
11. इस परीक्षण पुस्तिका में **दो** भाग हैं। **भाग–A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं। **भाग–B वृत्तिक कौशल** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं। इन सभी **150** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

muknotes.in

## भाग—A

## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी धातु लोहचुंबकीय पदार्थ **नहीं** है?

(a) कोबाल्ट

(b) रजत

(c) लोहा

(d) निकल

**2.** ऐसे सरल लोलक की लंबाई क्या है, जिसकी आवृत्ति 0·5 Hz है ($g = 10\ m/s^2$ मानते हुए)?

(a) 1 m

(b) 2 m

(c) 1·5 m

(d) 3 m

**3.** ईकोटोन क्या है?

(a) विविध पारिस्थितिक तंत्र

(b) संक्रामी पारिस्थितिक तंत्र

(c) पारदर्शी पारिस्थितिक तंत्र

(d) प्रगतिरोध पारिस्थितिक तंत्र

**4.** मूल कोशिका (स्टेम सेल) के विषय में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मूल कोशिकाओं में समसूत्री कोशिका विभाजन के माध्यम से स्व-नवीनीकरण की क्षमता होती है।
2. 1908 में, जेम्स थॉमस और उनके सहयोगियों ने पहली बार अंतःपात्र (*इन विट्रो*) निषेचन के माध्यम से दान में प्राप्त कोरकपुटी (ब्लास्टोसिस्ट) से मानव भ्रूणीय मूल कोशिका व्युत्पन्न की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**5.** निम्नलिखित में से कौन-से उद्योगों और घरों से निकलने वाले प्रमुख संदूषक हैं, जो संवर्ध (कल्चरल) सुपोषण का कारण बनते हैं?

(a) क्लोरीन और ऐल्ड्रिन

(b) मर्करी और नाइट्रेट

(c) नाइट्रेट और फ़ॉस्फेट

(d) फ़ॉस्फेट और अमोनियम

**6.** पौधों पर पुष्पों के विन्यास और वितरण को क्या कहते हैं?

(a) पुष्पण

(b) पुष्पक्रम

(c) पुष्पासन

(d) पुष्पदलविन्यास

**7.** लाइकेन शैवाल और कवक के बीच सहजीवी संबंध का निरूपण करते हैं। लाइकेन में विद्यमान शैवाल घटक सर्वाधिक किस रूप में जाना जाता है?

(a) माइकोबियोन्ट

(b) फाइकोबियोन्ट

(c) प्रायोन

(d) सिम्बियोन्ट

munotes.in

# PART—A

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

**1.** Which one among the following metals is ***not*** a ferromagnetic material?

*(a)* Cobalt

*(b)* Silver

*(c)* Iron

*(d)* Nickel

**2.** What is the length of a simple pendulum, which has a frequency of 0·5 Hz (take $g = 10 \text{ m/s}^2$)?

*(a)* 1 m

*(b)* 2 m

*(c)* 1·5 m

*(d)* 3 m

**3.** Ecotone is a

*(a)* diversified ecosystem

*(b)* transitional ecosystem

*(c)* transparent ecosystem

*(d)* stagnation ecosystem

**4.** Consider the following statements about stem cells :

1. Stem cells have the potential for self-renewal via mitotic cell division.
2. In 1908, James Thomas and his colleagues first derived human embryonic stem cells from donated blastocysts through *in vitro* fertilization.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**5.** Which of the following are the major contaminants from industries and households that cause cultural eutrophication?

*(a)* Chlorine and aldrin

*(b)* Mercury and nitrates

*(c)* Nitrates and phosphates

*(d)* Phosphates and ammonium

**6.** The arrangement and distribution of flowers over a plant is called

*(a)* flowering

*(b)* inflorescence

*(c)* thalamus

*(d)* aestivation

**7.** Lichens represent the symbiotic relationships between algae and fungi. The algae component present in lichen is best known as

*(a)* mycobiont

*(b)* phycobiont

*(c)* prion

*(d)* symbiont

munotes.in

**8.** अंडाशय के बदले पुष्पासन (थैलेमस) से जो फल बनता है, उसे कूट फल कहते हैं। इसके सबसे सामान्य उदाहरण हैं

*(a)* संतरा और आम

*(b)* आम और केला

*(c)* सेब और स्ट्राबेरी

*(d)* अमरूद और चेरी

**9.** कुछ सूक्ष्मजीवों द्वारा ह्यूमस के निम्नीकरण और अकार्बनिक पोषक तत्त्वों के मोचन की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

*(a)* सुपोषण (यूट्रोफिकेशन)

*(b)* खनिजीभवन (मिनरलाइजेशन)

*(c)* ह्यूमस बनना (ह्यूमिफिकेशन)

*(d)* स्तरण (स्ट्रैटिफिकेशन)

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सी मानव कोशिका, केन्द्रक से रहित है?

*(a)* तंत्रिका कोशिका

*(b)* अस्थि कोशिका

*(c)* लाल रुधिर कोशिका

*(d)* श्वेत रुधिर कोशिका

**11.** धोने के सोडा का रासायनिक सूत्र क्या है?

*(a)* $NaHCO_3$

*(b)* $Na_2CO_3$

*(c)* $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$

*(d)* $NaOCl$

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा, एक भौतिक परिवर्तन का उदाहरण है?

*(a)* केले का पकना

*(b)* दूध का खट्टा होना

*(c)* बर्फ का पिघलना

*(d)* $CO_2$ गैस का जल में प्रवाहित होना

**13.** *राइजोबियम* क्या है?

*(a)* जैव पीड़कनाशी

*(b)* जैव उर्वरक

*(c)* जैव शाकनाशी

*(d)* कवक शाकनाशी

**14.** किसी घोल का pH मान लगभग 13·0 है। इस घोल को क्या कहा जाएगा?

*(a)* प्रबल अम्ल

*(b)* प्रबल क्षार

*(c)* उदासीन

*(d)* दुर्बल अम्ल

**15.** निम्नलिखित तत्त्वों में से किसमें श्रृंखलन (कैटेनेशन) गुणधर्म उच्चतम है?

*(a)* सिलिकन

*(b)* कार्बन

*(c)* नाइट्रोजन

*(d)* ऑक्सीजन



munotes.in

**8.** Fruit formation from the thalamus instead of ovary is known as false fruit. The most common examples are

*(a)* orange and mango

*(b)* mango and banana

*(c)* apple and strawberry

*(d)* guava and cherry

**9.** The process of degradation of humus by some microorganisms and release of inorganic nutrients is known as

*(a)* eutrophication

*(b)* mineralization

*(c)* humification

*(d)* stratification

**10.** Which one of the following human cells is devoid of a nucleus?

*(a)* Nerve cell

*(b)* Bone cell

*(c)* Red blood cell

*(d)* White blood cell

**11.** The chemical formula of washing soda is

*(a)* $NaHCO_3$

*(b)* $Na_2CO_3$

*(c)* $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$

*(d)* NaOCl

**12.** Which one of the following is an example of a physical change?

*(a)* Ripening of banana

*(b)* Souring of milk

*(c)* Melting of ice

*(d)* Passing $CO_2$ gas into water

**13.** *Rhizobium* is a

*(a)* biopesticide

*(b)* biofertilizer

*(c)* bioherbicide

*(d)* mycoherbicide

**14.** A solution has a pH value around 13·0. The solution may be called

*(a)* a strong acid

*(b)* a strong base

*(c)* neutral

*(d)* a weak acid

**15.** Which one among the following elements has the highest catenation property?

*(a)* Silicon

*(b)* Carbon

*(c)* Nitrogen

*(d)* Oxygen

munotes.in

**16.** भू-दृश्य के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भाबर 8 km–10 km तक विस्तृत एक संकीर्ण पट्टी है, जो ढलान के भंग पर शिवालिक गिरिपाद के समानांतर फैली हुई है।
2. भाबर, नदियों द्वारा निक्षेपित पुराने और नए जलोढ़ से युक्त पट्टी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**17.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची–I (प्राकृतिक आपदा)** | | **सूची–II (श्रेणी)** |
|---|---|---|---|
| A. | हिमझंझावात | 1. | स्थलीय |
| B. | मृदा अपरदन | 2. | वायुमंडलीय |
| C. | सुनामी | 3. | जैविक |
| D. | टिड्डियाँ | 4. | जलीय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सी, पश्चिम की ओर बहने वाली नदी **नहीं** है?

*(a)* माही

*(b)* बनास

*(c)* लूनी

*(d)* साबरमती

**19.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा शहर सुदूर उत्तरी अक्षांश पर स्थित है?

*(a)* श्री गंगानगर

*(b)* नैनीताल

*(c)* गंगटोक

*(d)* ईटानगर

**20.** निम्नलिखित भौगोलिक दशाओं पर विचार कीजिए :

खनिजों की पर्याप्त मात्रायुक्त पूर्णतया जलोत्सारित, उर्वर भुरभुरी दुमट, तापमान 15 °C–28 °C के बीच और वर्षा 150 cm–250 cm के बीच और ऊँचाई में विचरण 600 m–1600 m.

उपर्युक्त दशाओं में, निम्नलिखित में से कौन-सी फसल उपयुक्त है?

*(a)* चाय

*(b)* कॉफी

*(c)* नारियल

*(d)* काजू



muriotes.in

**16.** Consider the following statements regarding landscape :

1. Bhabar is a narrow belt ranging between 8 km–10 km parallel to the Shiwalik foothills at the break-up of the slope.
2. Bhabar is a belt consisting of old and new alluvial deposited by rivers.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**17.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Natural disaster)* | *List–II (Category)* |
|---|---|
| A. Blizzards | 1. Terrestrial |
| B. Soil erosion | 2. Atmospheric |
| C. Tsunami | 3. Biological |
| D. Locusts | 4. Aquatic |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**18.** Which one among the following is ***not*** a west-flowing river?

*(a)* Mahi

*(b)* Banas

*(c)* Luni

*(d)* Sabarmati

**19.** Which one among the following cities in India is located at the Northernmost latitude?

*(a)* Sri Ganganagar

*(b)* Nainital

*(c)* Gangtok

*(d)* Itanagar

**20.** Consider the following geographical conditions :

Well-drained, rich friable loams containing good deal of minerals, temperature between 15 °C–28 °C and rainfall between 150 cm–250 cm and altitude variations from 600 m–1600 m

Which one among the following crops is suitable under the above conditions?

*(a)* Tea

*(b)* Coffee

*(c)* Coconut

*(d)* Cashew nut

munotes.in

**21.** हिमाचल प्रदेश में स्थित मणिकर्ण किसके लिए प्रसिद्ध है?

(a) जैव ऊर्जा

(b) कागज उद्योग

(c) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

(d) भू-तापीय ऊर्जा

**22.** भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा साझा करता है?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) तेलंगाना

(c) छत्तीसगढ़

(d) असम

**23.** भारत में, निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान औषध-निर्माण (फार्मास्यूटिकल) उद्योग से अपनी संबद्धता के लिए जाना जाता है?

(a) बल्लारपुर

(b) पिंपरी

(c) सिंदरी

(d) मेत्तुर

**24.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (जनजाति) | सूची–II (वर्चस्व वाले क्षेत्र) |
|---|---|
| A. गद्दी | 1. राजस्थान |
| B. मुंडा | 2. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह |
| C. भील | 3. झारखंड |
| D. जारवा | 4. हिमाचल प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा, समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु क्षेत्र **नहीं** है?

(a) दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया

(b) उत्तर-पश्चिम यूरोप

(c) न्यूजीलैंड

(d) उत्तर-पश्चिम अफ्रीका

munotes.in

21. Manikaran in Himachal Pradesh is better known for

(a) bioenergy

(b) paper industry

(c) food processing industry

(d) geothermal energy

22. Which one among the following States in India shares a boundary with the most number of States?

(a) Uttar Pradesh

(b) Telangana

(c) Chhattisgarh

(d) Assam

23. Which one among the following places in India is known for its association with the pharmaceutical industry?

(a) Ballarpur

(b) Pimpri

(c) Sindri

(d) Mettur

24. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Tribe)* | *List–II (Dominating region)* |
|---|---|
| A. Gaddi | 1. Rajasthan |
| B. Munda | 2. Andaman and Nicobar Islands |
| C. Bhil | 3. Jharkhand |
| D. Jarawa | 4. Himachal Pradesh |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

25. Which one among the following is ***not*** an area of Marine West Coast Climate?

(a) South-Eastern Australia

(b) North-West Europe

(c) New Zealand

(d) North-West Africa



munotes.in

**26.** हड़प्पा शवाधान अनुष्ठान के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इन शवाधानों में मृतकों को सामान्यतः गर्तों में दफनाया जाता था।

*(b)* शवाधान गर्त कई अलग-अलग तरीकों से बनाए गए थे।

*(c)* इन शवाधानों में कभी-कभी आभूषण रखे हुए पाए गए हैं।

*(d)* हड़प्पावासी मृतकों के साथ दर्पण नहीं दफनाते थे।

**27.** रुद्रमादेवी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रुद्रमादेवी को *राय-गज-केसरी* के नाम से भी जाना जाता है।
2. शिलालेख अधिकांशतः उन्हें रानी नहीं, बल्कि एक वीर राजा के रूप में दर्शाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**28.** 1885 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी ऐसोसिएशन के गठन में इनमें से कौन शामिल था?

*(a)* फ़िरोज़शाह मेहता

*(b)* दादाभाई नौरोजी

*(c)* ऐलन ऑक्टेवियन ह्यूम

*(d)* एम० जी० रानाडे

**29.** निम्नलिखित में से कौन, गुप्त काल में कोटिवर्ष के *अधिष्ठान अधिकरण* का सदस्य **नहीं** था?

*(a)* *सार्थवाह*

*(b)* *महत्तर*

*(c)* *प्रथम-कायस्थ*

*(d)* *प्रथम-कुलिक*

**30.** भारत में 18वीं और 19वीं शताब्दियों के मध्य में राष्ट्रीय चेतना के उदय के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रिंटिंग प्रेस एवं शिक्षा के प्रसार, और आधुनिक विचारों के अंतःप्रवाह ने भारतीय पुनरुज्जीवन में सहायता की।
2. सुधार आंदोलनों ने लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने में सहायता की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

munotes.in

**26.** Which one among the following statements with reference to the Harappan burial ritual is ***not*** correct?

*(a)* At these burials, the dead were generally laid in pits.

*(b)* The burial pits were made in several different ways.

*(c)* Ornaments have sometimes been found placed in these burials.

*(d)* Harappans did not bury mirrors with the dead.

**27.** Consider the following statements with reference to Rudramadevi :

1. Rudramadevi is also known as *Raya-gaja-kesari*.

2. The inscriptions largely project her as a heroic king not queen.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**28.** Who among the following was involved in the formation of the Bombay Presidency Association in 1885?

*(a)* Pherozeshah Mehta

*(b)* Dadabhai Naoroji

*(c)* Allan Octavian Hume

*(d)* M. G. Ranade

**29.** Which among the following was ***not*** a member of the *Adhishthana Adhikarana* of Kotivarsha in the Gupta period?

*(a)* *Sarthavaha*

*(b)* *Mahattara*

*(c)* *Prathama-kayastha*

*(d)* *Prathama-kulika*

**30.** Consider the following statements about the emergence of national consciousness in India between the 18th and 19th centuries :

1. The spread of printing press and education, and inflow of modern ideas helped Indian regeneration.

2. The reform movements helped develop a sense of national unity among the people.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

munotes.in

**31.** बाघ गुफा के चित्रों में दर्शाया गया *हल्लीसलास्य* क्या है?

(*a*) एक शास्त्रीय नृत्यकला शैली

(*b*) एक लोक-नृत्य शैली

(*c*) रंगमंच का एक लोक-रूप

(*d*) एक ताल वाद्ययंत्र

**32.** मूर्तिकला में श्री लक्ष्मी को बहुधा उनके *गज-लक्ष्मी* रूप में दर्शाया जाता है। उनके ऐसे *गज-लक्ष्मी* रूप के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. देवी कमल पर विराजमान या खड़ी रहती हैं।
2. उनके दोनों पार्श्व में दो हंस हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(*a*) केवल 1

(*b*) केवल 2

(*c*) 1 और 2 दोनों

(*d*) न तो 1 और न ही 2

**33.** भारत में शिलालेखों के ऐतिहासिक साक्ष्य के विषय में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्राचीनतम शिलालेख, जिनका गूढ़ अर्थ निकाला गया, ब्राह्मी और खरोष्ठी में हैं।
2. तमिल भाषा में आद्यतम शिलालेख ताम्रपत्र अनुदान हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(*a*) केवल 1

(*b*) केवल 2

(*c*) 1 और 2 दोनों

(*d*) न तो 1 और न ही 2

**34.** शिव का *दक्षिणामूर्ति* (दक्षिण-मुखी) रूप क्या दर्शाता है?

(*a*) ब्रह्माण्डीय नर्तक (कॉस्मिक डांसर)

(*b*) उग्र योद्धा (फ़रोशस वॉरियर)

(*c*) जगतगुरु (यूनिवर्सल टीचर)

(*d*) पशुपतिनाथ (लॉर्ड ऑफ बीस्ट्स)

**35.** 1942 के 'भारत छोड़ो' संकल्प के विषय में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसके पाठ को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह भारत को धुरी राष्ट्रों के साथ युद्ध करने वाले देशों में शामिल करता है और मित्र राष्ट्रों (संयुक्त राष्ट्रों) के साथ पूर्णतः सहबद्ध है।
2. इसने ब्रिटेन से, जनसंख्या के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों से बनी भारतीय अनंतिम सरकार को तत्काल सत्ता सौंपने की अपील की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(*a*) केवल 1

(*b*) केवल 2

(*c*) 1 और 2 दोनों

(*d*) न तो 1 और न ही 2

munotes.in

31. What is *Hallisalasya* as depicted in Bagh cave paintings?

(a) A classical dance form

(b) A folk dance form

(c) A folk form of theatre

(d) A percussion music instrument

32. One of the frequent representations of Shri Lakshmi in sculpture is in her *Gaja-Lakshmi* form. Consider the following statements about such *Gaja-Lakshmi* form :

1. The goddess sits or stands on a lotus.

2. She is flanked by two swans.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

33. Consider the following statements about the historical evidence of inscriptions in India :

1. The oldest deciphered inscriptions are in Brahmi and Kharoshthi.

2. The earliest inscriptions in the Tamil language are copper plate grants.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

34. The *Dakshinamurti* (South-facing) form of Shiva represents

(a) cosmic dancer

(b) ferocious warrior

(c) universal teacher

(d) lord of beasts

35. Consider the following statements about the 'Quit India' Resolution of 1942 :

1. Its text was carefully drafted to make it clear that it put India among the countries at war with the Axis Powers and fully aligned with the Allied Powers (United Nations).

2. It called upon Britain to immediately hand over power to an Indian Provisional Government composed of representatives of all sections of the population.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

munotes.in

**36.** भारत में, निम्नलिखित किस आधार पर राज्य कार्य के संबंध में सेवारत व्यक्तियों के वेतन और भत्ते कम किए जा सकते हैं?

*(a)* वित्तीय आपात

*(b)* आंतरिक अशांति

*(c)* किसी राज्य में सांविधानिक तंत्र का विफल हो जाना

*(d)* सार्वजनिक नैतिकता का ह्रास

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सी, राज्य सभा की अनन्य शक्ति है/शक्तियाँ हैं?

1. धन विधेयक पुरःस्थापित करने की शक्ति
2. राज्य सूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व का विषय घोषित करना
3. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**38.** यदि प्रश्न उठता है कि कोई संसद सदस्य अनुच्छेद 102(1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो इनमें से कौन अंतिम विनिश्चय करने के लिए सशक्त है?

*(a)* भारत का राष्ट्रपति

*(b)* भारत का प्रधानमंत्री

*(c)* लोक सभा अध्यक्ष

*(d)* भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

**39.** राज्य सभा की याचिका समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति (कोरम) क्या होगी?

*(a)* तीन

*(b)* पाँच

*(c)* सात

*(d)* दस

**40.** योजना आयोग को नीति (NITI) आयोग द्वारा प्रतिस्थापित करने के लिए मंत्रिमंडल का संकल्प किस वर्ष पारित किया गया था?

*(a)* 2014

*(b)* 2015

*(c)* 2016

*(d)* 2018

munotes.in

**36.** In India, on which one of the following grounds can the salaries and allowances of persons serving in connection with affairs of the State be reduced?

*(a)* Financial emergency

*(b)* Internal disturbance

*(c)* Failure of the constitutional machinery in a State

*(d)* Degradation of public morality

**37.** Which of the following is/are exclusive power/powers of the Rajya Sabha?

1. The power to initiate a Money Bill
2. To declare a subject in the State List as a subject of national importance
3. To impeach the President of India

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**38.** If any question arises as to whether a Member of the Parliament has become subject to any of the disqualifications mentioned in Article 102(1), who among the following is empowered to take the final decision?

*(a)* The President of India

*(b)* The Prime Minister of India

*(c)* The Speaker of the Lok Sabha

*(d)* The Chief Justice of India

**39.** What is the quorum for a meeting of the Committee on Petitions of the Rajya Sabha?

*(a)* Three

*(b)* Five

*(c)* Seven

*(d)* Ten

**40.** In which year was a Cabinet resolution passed to replace the Planning Commission with NITI Aayog?

*(a)* 2014

*(b)* 2015

*(c)* 2016

*(d)* 2018



munotes.in

**41.** निम्नलिखित में से किस विधिक सूत्र का अर्थ 'हम आदेश देते हैं' है?

*(a)* *हेब्यस् कॉर्पस*

*(b)* *मैंडेमस*

*(c)* *ऑडि आल्टेरम पार्टेम*

*(d)* *नॉन बिस इन इडेम*

**42.** भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में विधान परिषद् **नहीं** है?

*(a)* बिहार

*(b)* पश्चिम बंगाल

*(c)* उत्तर प्रदेश

*(d)* कर्नाटक

**43.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*(a)* विधि के समक्ष समता केवल भारत के नागरिकों को प्रत्याभूत है।

*(b)* यह भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधियों का समान संरक्षण सुनिश्चित करता है।

*(c)* राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से वंचित नहीं करेगा।

*(d)* राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में गैर-नागरिकों को विधि के समक्ष समता से वंचित नहीं करेगा।

**44.** मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के निम्नलिखित प्रावधानों में से कौन-सा यह कहता है कि "प्रत्येक व्यक्ति को प्राण, स्वतंत्रता और देह की सुरक्षा का अधिकार है"?

*(a)* अनुच्छेद 1

*(b)* अनुच्छेद 2

*(c)* अनुच्छेद 3

*(d)* अनुच्छेद 4

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल **नहीं** है?

*(a)* बोडो

*(b)* मैथिली

*(c)* संथाली

*(d)* लद्दाखी

munotes.in

41. Which one among the following legal maxims means 'we command'?

(a) *Habeas corpus*

(b) *Mandamus*

(c) *Audi alteram partem*

(d) *Non bis in idem*

42. Which one of the following States of India does ***not*** have a Legislative Council?

(a) Bihar

(b) West Bengal

(c) Uttar Pradesh

(d) Karnataka

43. Which one among the following is ***not*** correct as per Article 14 of the Constitution of India?

(a) Equality before law is guaranteed to citizens of India only.

(b) It secures for any person equal protection of laws within the territory of India.

(c) The State shall not deny to any person equality before law within the territory of India.

(d) The State shall not deny to non-citizens equality before law within the territory of India.

44. Which one of the following provisions of the Universal Declaration of Human Rights states, "Everyone has the right to life, liberty and security of person"?

(a) Article 1

(b) Article 2

(c) Article 3

(d) Article 4

45. Which one of the following languages is ***not*** included in the Eighth Schedule of the Constitution of India?

(a) Bodo

(b) Maithili

(c) Santhali

(d) Ladakhi

munotes.in

**46.** एक कंपनी अपने लाभ या हानि की गणना तिमाही आधार पर करती है। कंपनी को तीन क्रमागत तिमाहियों में 25% लाभ, 20% हानि और 20% हानि होती है। कंपनी को चौथी तिमाही में न्यूनतम कितना लाभ या कितनी हानि होनी चाहिए ताकि उसे कुल मिलाकर कोई घाटा न हो?

(a) 20% लाभ

(b) 20% हानि

(c) 25% लाभ

(d) 25% हानि

**47.** निम्नलिखित योगफल का मान क्या है?

$$\frac{1}{(\sqrt{2}+\sqrt{1})}+\frac{1}{(\sqrt{3}+\sqrt{2})}+\frac{1}{(\sqrt{4}+\sqrt{3})}+\ldots+\frac{1}{(\sqrt{100}+\sqrt{99})}$$

(a) 9

(b) 8

(c) 7

(d) 6

**48.** निम्नलिखित योगफल पर विचार कीजिए :

@37 + 46@ + 5@3 = 1@@@

उपर्युक्त योगफल में @ निम्नलिखित में से किसे निरूपित करता है?

(a) सभी अंकों को

(b) केवल सम अंकों को

(c) केवल विषम अंकों को

(d) किसी अंक को नहीं

**49.** यदि $\frac{625}{0 \cdot 625}=\frac{62 \cdot 5}{x}$, तो $x$ का मान क्या है?

(a) 0·0625

(b) 0·00625

(c) 6·25

(d) 0·000625

munotes.in

**46.** A company calculates its profit or loss quarterly. The company makes 25% profit, 20% loss and 20% loss in three consecutive quarters. What minimum profit or loss should the company make in fourth quarter to have no loss overall?

*(a)* 20% profit

*(b)* 20% loss

*(c)* 25% profit

*(d)* 25% loss

**47.** What is the value of the following sum?

$$\frac{1}{(\sqrt{2}+\sqrt{1})}+\frac{1}{(\sqrt{3}+\sqrt{2})}+\frac{1}{(\sqrt{4}+\sqrt{3})}+\dots+\frac{1}{(\sqrt{100}+\sqrt{99})}$$

*(a)* 9

*(b)* 8

*(c)* 7

*(d)* 6

**48.** Consider the following sum :

@37 + 46@ + 5@3 = 1@@@

In the above sum, @ stands for which one among the following?

*(a)* For all digits

*(b)* For even digits only

*(c)* For odd digits only

*(d)* For no digits

**49.** If $\frac{625}{0 \cdot 625}=\frac{62 \cdot 5}{x}$, then the value of $x$ is

*(a)* 0·0625

*(b)* 0·00625

*(c)* 6·25

*(d)* 0·000625



munotes.in

**50.** कोई धनराशि $R$ को 20 दिनों के लिए अथवा $S$ को 30 दिनों के लिए वेतन देने हेतु पर्याप्त है। यह धनराशि दोनों को एकसाथ कितने दिनों के लिए वेतन देने हेतु पर्याप्त होगी?

*(a)* 12 दिन

*(b)* 15 दिन

*(c)* 11 दिन

*(d)* 20 दिन

**51.** किसी वस्तु के विक्रय मूल्य और लागत मूल्य के बीच का अनुपात 7 : 4 है। उस वस्तु के लाभ और लागत मूल्य के बीच का अनुपात क्या है?

*(a)* 3 : 4

*(b)* 4 : 3

*(c)* 5 : 4

*(d)* 7 : 3

**52.** एक ट्रेन 90 km/h की गति से चल रही है, जिसकी लंबाई 335 m है। उस ट्रेन को 290 m लम्बे प्लेटफॉर्म को पार करने में कितना समय लगेगा?

*(a)* 25 s

*(b)* 23 s

*(c)* 20 s

*(d)* 30 s

**53.** मान लीजिए कि कुछ खाद्य सामग्री है, जो एक टीम के लिए $x$ दिनों के लिए पर्याप्त है। 20 दिनों के बाद, टीम के 25% सदस्य टीम छोड़ देते हैं। यह देखा गया कि शेष खाद्य सामग्री, शेष सदस्यों को अगले $x$ दिनों तक खिलाने के लिए पर्याप्त है। $x$ का मान क्या है?

*(a)* 80

*(b)* 72

*(c)* 60

*(d)* 40

**54.** यदि $x : y = 3 : 7$, तो $\frac{6x^2 - 2xy + y^2}{xy}$ किसके बराबर है?

*(a)* $\frac{62}{21}$

*(b)* $\frac{61}{21}$

*(c)* $\frac{63}{21}$

*(d)* $\frac{64}{21}$

**55.** यदि $x$ का $\sqrt{x}$ % 80 है, तो $x$ क्या है?

*(a)* 100

*(b)* 200

*(c)* 400

*(d)* 800

munotes.in

**50.** An amount is adequate to pay salaries to $R$ for 20 days or to $S$ for 30 days. For how many days is the money enough to cover salaries of both of them together?

*(a)* 12 days

*(b)* 15 days

*(c)* 11 days

*(d)* 20 days

**51.** The ratio between the sale price and the cost price of an article is 7 : 4. What is the ratio between the profit and the cost price of that article?

*(a)* 3 : 4

*(b)* 4 : 3

*(c)* 5 : 4

*(d)* 7 : 3

**52.** A train with a length of 335 m is travelling at a speed of 90 km/h. What is the time taken by the train to pass a 290 m long platform?

*(a)* 25 s

*(b)* 23 s

*(c)* 20 s

*(d)* 30 s

**53.** Assume there to be some foodstuff that is sufficient for a team for $x$ number of days. After 20 days, 25% of team members happen to quit. It is observed that the remaining foodstuff is sufficient to feed the remaining members for another $x$ number of days. What is the value of $x$?

*(a)* 80

*(b)* 72

*(c)* 60

*(d)* 40

**54.** If $x : y = 3 : 7$, then $\dfrac{6x^2 - 2xy + y^2}{xy}$ is equal to

*(a)* $\dfrac{62}{21}$

*(b)* $\dfrac{61}{21}$

*(c)* $\dfrac{63}{21}$

*(d)* $\dfrac{64}{21}$

**55.** If $\sqrt{x}$ % of $x$ is 80, then what is $x$?

*(a)* 100

*(b)* 200

*(c)* 400

*(d)* 800



munotes.in

**56.** सात क्रमागत धनपूर्ण संख्याओं का औसत 13 है। यदि अगली तीन क्रमागत धनपूर्ण संख्याओं को भी शामिल कर लिया जाए, तो उनका नया औसत क्या होगा?

(a) 15·0

(b) 14·5

(c) 13·5

(d) 13·0

**57.** एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 7 km चलता है, और फिर वह पूर्व की ओर 4 km चलता है तथा फिर दक्षिण की ओर 4 km चलता है। अब वह अपनी मूल स्थिति से कितनी दूर और किस दिशा में है?

(a) 5 km दक्षिण-पूर्व दिशा में

(b) 5 km उत्तर-पूर्व दिशा में

(c) 15 km पूर्व दिशा की ओर

(d) 7 km उत्तर दिशा की ओर

**58.** निम्नलिखित अंकों में से कौन-सा, $(273)^n$ में इकाई स्थान पर कभी भी नहीं हो सकता, जहाँ $n$ एक धनात्मक पूर्णांक है?

(a) 1

(b) 3

(c) 5

(d) 7

**59.** $\frac{4}{1+\sqrt{2}+\sqrt{3}}$ किसके बराबर है?

(a) $\sqrt{2}-\sqrt{3}+2$

(b) $\sqrt{2}+\sqrt{3}+2$

(c) $\sqrt{2}+\sqrt{6}+2$

(d) $\sqrt{2}-\sqrt{6}+2$

**60.** निम्नलिखित कथनों और निष्कर्षों पर विचार कीजिए :

कथन I : कुछ $P$, $Q$ हैं।

कथन II : प्रत्येक $R$, $Q$ है।

निष्कर्ष I : कुछ $P$, $R$ हैं।

निष्कर्ष II : प्रत्येक $R$, $P$ है।

उपर्युक्त निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से निकाला जा सकता है/निकाले जा सकते हैं?

(a) केवल निष्कर्ष I

(b) केवल निष्कर्ष II

(c) निष्कर्ष I और II दोनों

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II

munotes.in

**56.** The average of seven consecutive natural numbers is 13. If the next three consecutive natural numbers are also included, the new average will be

(a) 15·0

(b) 14·5

(c) 13·5

(d) 13·0

**57.** A man walks 7 km in the North direction. He then walks 4 km Eastward, and then 4 km Southward. How far and in which direction is he now from his original position?

(a) 5 km in South-East direction

(b) 5 km in North-East direction

(c) 15 km towards East direction

(d) 7 km towards North direction

**58.** Which one among the following digits can never be at the units place in $(273)^n$, where $n$ is a positive integer?

(a) 1

(b) 3

(c) 5

(d) 7

**59.** $\frac{4}{1+\sqrt{2}+\sqrt{3}}$ is equal to

(a) $\sqrt{2}-\sqrt{3}+2$

(b) $\sqrt{2}+\sqrt{3}+2$

(c) $\sqrt{2}+\sqrt{6}+2$

(d) $\sqrt{2}-\sqrt{6}+2$

**60.** Consider the following statements and conclusions :

Statement I : Some $P$ are $Q$.

Statement II : Every $R$ is $Q$.

Conclusion I : Some $P$ are $R$.

Conclusion II : Every $R$ is $P$.

Which of the above conclusions can be certainly drawn?

(a) Conclusion I only

(b) Conclusion II only

(c) Both conclusions I and II

(d) Neither conclusion I nor II

munotes.in

61. नर्गिस मोहम्मदी को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार (2023) मिला?

(a) शांति

(b) शरीरक्रियाविज्ञान

(c) आयुर्विज्ञान

(d) रसायन-शास्त्र

62. G20 के विषय में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. इसका कोई स्थायी सचिवालय नहीं है।
2. यह 20 शीर्षस्थ औद्योगिक देशों के मध्य विधितः बाध्य अंतर्राष्ट्रीय करार द्वारा स्थापित है।
3. प्रत्येक देश की अगुवाई एक शेर्पा करता है।
4. G20 में स्पेन दो 'स्थायी अतिथियों' में से एक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) केवल 4

(c) 3 और 4

(d) 1 और 3

63. राष्ट्रीय खेल दिवस के विषय में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. यह 28 फरवरी को मनाया जाता है।
2. यह मेजर ध्यानचंद के जन्म वार्षिकोत्सव पर पड़ता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

64. निम्नलिखित में से किसके द्वारा एशियाई खेल, 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाले देशों का आरोही क्रम में सही अनुक्रम दर्शाया गया है?

(a) जापान, भारत, कोरिया गणराज्य

(b) जापान, कोरिया गणराज्य, भारत

(c) कोरिया गणराज्य, भारत, जापान

(d) भारत, कोरिया गणराज्य, जापान

65. निम्नलिखित में से किसे/किन्हें 2023 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल/स्थलों के रूप में घोषित किया गया?

1. धोलावीरा, गुजरात
2. बेलूर का होयसला मंदिर
3. शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल
4. रामप्पा मंदिर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 2 और 3



munotes.in

61. Narges Mohammadi received the Nobel Prize (2023) in which one of the following fields?

(a) Peace

(b) Physiology

(c) Medicine

(d) Chemistry

62. Which of the following is/are correct about G20?

1. It has no permanent secretariat.
2. It was founded on a legally binding international agreement between 20 top industrialized countries.
3. Each country is led by a Sherpa.
4. Spain is one of the two 'Permanent Invitees' to G20.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 4 only

(c) 3 and 4

(d) 1 and 3

63. Which of the following statements about the National Sports Day is/are correct?

1. It is observed on 28th February.
2. It coincides with the birth anniversary of Major Dhyan Chand.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

64. Which one of the following represents the correct sequence of countries in ascending order of Gold Medals won in the Asian Games, 2023?

(a) Japan, India, Republic of Korea

(b) Japan, Republic of Korea, India

(c) Republic of Korea, India, Japan

(d) India, Republic of Korea, Japan

65. Which among the following was/were declared UNESCO's World Heritage Site/Sites in 2023?

1. Dholavira, Gujarat
2. Hoysala Temple of Belur
3. Santiniketan, West Bengal
4. Ramappa Temple

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 3 only

(c) 2, 3 and 4

(d) 2 and 3 only

munotes.in

**66.** *संध्याक*, एक सर्वेक्षण पोत, जिसे दिसम्बर 2023 में भारतीय नौसेना को सौंपा गया, के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस पोत की प्राथमिक भूमिकाओं में से एक, बंदरगाहों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना है।
2. इस पोत का निर्माण रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र-विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करने के लिए किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**67.** निम्नलिखित में से किस पुस्तक ने बुकर पुरस्कार, 2023 जीता?

*(a)* *द बी स्टिंग*

*(b)* *द हाउस ऑफ डोर्स*

*(c)* *ए स्पेल ऑफ गुड थिंग्स*

*(d)* *प्रॉफेट सॉन्ग*

**68.** भारत सरकार द्वारा संपीडित बायोगैस (सी० बी० जी०) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय किया जा रहा है/कौन-से उपाय किए जा रहे हैं?

1. बायो-सी० एन० जी० के उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करने हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करना
2. सी० बी० जी० परियोजनाओं का प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत समावेश
3. परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए अपेक्षित मशीनों के आयात के लिए सीमा-शुल्क में छूट

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1

**69.** 'सिल्कयारा बेंड-बरकोट टनल' के विषय में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यह उत्तराखण्ड राज्य में है।

*(b)* यह 'चारधाम महामार्ग परियोजना' का भाग है।

*(c)* यह राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर पड़ेगी।

*(d)* इसका निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

**70.** वी० आइ० एन० बी० ए० एक्स० के विषय में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यह भारत, वियतनाम और बांग्लादेश के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

*(b)* इसकी स्थापना 2018 में हुई थी।

*(c)* इसका पहला संस्करण जबलपुर में आयोजित किया गया।

*(d)* 2023 में, भारतीय दल में बंगाल इंजीनियर ग्रुप का इंजीनियर रेजिमेंट शामिल था।

munotes.in

66. Consider the following statements about *Sandhayak*, a Survey Vessel Ship, which was delivered to the Indian Navy in December 2023 :

1. One of the primary roles of the Ship is to make a full-scale coastal and deep-water hydrographic survey of ports.
2. The Ship is made to collect oceanographic and geophysical data for defence and civil applications.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

67. Which one among the following books is the winner of the Booker Prize, 2023?

*(a)* *The Bee Sting*

*(b)* *The House of Doors*

*(c)* *A Spell of Good Things*

*(d)* *Prophet Song*

68. Which of the following is/are the measure/measures undertaken by the Government of India to promote the production of Compressed Bio-Gas (CBG)?

1. Central financial assistance for setting up of plants for generation of Bio-CNG
2. Inclusion of CBG projects under Priority Sector Lending
3. Concession on customs duty for the import of machinery required for setting up of projects

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 only

69. Which one of the following statements about 'Silkyara Bend-Barkot Tunnel' is ***not*** correct?

*(a)* It is in the State of Uttarakhand.

*(b)* It is a part of 'Chardham Mahamarg Pariyojana'.

*(c)* It falls along NH-134.

*(d)* It is being built by the National Highways Authority of India.

70. Which one among the following statements about VINBAX is ***not*** correct?

*(a)* It is a Joint Military Exercise between India, Vietnam and Bangladesh.

*(b)* It was instituted in 2018.

*(c)* Its first edition was conducted at Jabalpur.

*(d)* In 2023, Indian contingent comprised the Engineer Regiment of the Bengal Engineer Group.

**71.** सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यू० एच० सी०) के विषय में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* 2012 से संयुक्त राष्ट्र 12 दिसम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस' के रूप में मना रहा है।

*(b)* यू० एच० सी० का आदर्श-वाक्य (मोटो) यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्राप्त हो।

*(c)* सतत विकास लक्ष्यों का यह प्रमुख लक्ष्य है।

*(d)* जनसंख्या कवरेज, सेवा कवरेज और वित्तीय सुरक्षा यू० एच० सी० के आयाम हैं।

**72.** ग्लोबल रिवर सिटीज़ अलायंस (जी० आर० सी० ए०) के विषय में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के नेतृत्व में वैश्विक नदी-शहरों का एक गठबंधन है।
2. जी० आर० सी० ए० एक अनूठा गठबंधन है, जो 11 देशों के 275 से अधिक वैश्विक नदी-शहरों को शामिल करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**73.** भारत में कानूनी सुविधाओं के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* टेली-लॉ एक पूर्व-मुकदमेबाजी (प्री-लिटिगेशन) सलाह तंत्र है।

*(b)* भारत के राष्ट्रपति राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एन० ए० एल० एस० ए०) के संरक्षक-प्रमुख हैं।

*(c)* वाणिज्यिक मामलों को संभालने के लिए भारत में विभिन्न स्थानों पर समर्पित वाणिज्यिक न्यायालय हैं।

*(d)* भारत में कुछ न्यायालय कागजरहित डिजिटल वाणिज्यिक न्यायालय हैं।

**74.** भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य को 2014–2015 से 2023–2024 तक कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन के तहत अधिकतम राशि प्राप्त हुई है?

*(a)* आंध्र प्रदेश

*(b)* कर्नाटक

*(c)* उत्तर प्रदेश

*(d)* मध्य प्रदेश

**75.** UNFCCC-COP28 निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

*(a)* शर्म एल-शेख

*(b)* दुबई

*(c)* ग्लास्गो

*(d)* बाकु

**71.** Which one among the following statements about Universal Health Coverage (UHC) is ***not*** correct?

*(a)* The United Nations is observing 12th December as the 'International Universal Health Coverage Day' since 2012.

*(b)* UHC's motto is that everyone should have access to quality and affordable healthcare.

*(c)* It is a central aspect of Sustainable Development Goals.

*(d)* Population coverage, service coverage and financial protection are dimensions of UHC.

**72.** Consider the following statements about the Global River Cities Alliance (GRCA) :

1. It is an alliance of global river cities led by the National Mission for Clean Ganga under the Ministry of Jal Shakti, Government of India.

2. GRCA is a unique alliance covering more than 275 global river cities in 11 countries.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**73.** Which one among the following statements with regard to the legal facilities in India is ***not*** correct?

*(a)* Tele-Law is a pre-litigation advice mechanism.

*(b)* The President of India is Patron-in-Chief of National Legal Services Authority (NALSA).

*(c)* There are dedicated Commercial Courts at various places in India to handle commercial cases.

*(d)* Some courts in India are paperless Digital Commercial Courts.

**74.** Which one among the following States in India has received maximum funds under Sub-Mission on Agriculture Mechanization from 2014–2015 to 2023–2024?

*(a)* Andhra Pradesh

*(b)* Karnataka

*(c)* Uttar Pradesh

*(d)* Madhya Pradesh

**75.** UNFCCC-COP28 was held in which one of the following cities?

*(a)* Sharm el-Sheikh

*(b)* Dubai

*(c)* Glasgow

*(d)* Baku

munotes.in

# भाग—B

## वृत्तिक कौशल

**76.** एच० टी० एम० एल० में, नए ब्राउज़र विंडो में लिंक किए गए डॉक्यूमेंट को खोलने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

(a) _self (b) _link

(c) _blank (d) _open

**77.** यूनिवर्सल कैरेक्टर एन्कोडिंग स्टैंडर्ड के संदर्भ में, यू० टी० एफ० का आशय क्या है?

(a) यूनिकोड ट्रांस्फॉर्मेशन फॉर्मेट

(b) यूनिकोड ट्रांस्फॉर्मेशन फॉर्म

(c) यूनीक ट्रांस्फॉर्मेशन फॉर्मेट

(d) यूनीक ट्रांस्फॉर्मेशन फॉर्म

**78.** मेमरी की लघुतम ऐड्रेसेबल यूनिट क्या है?

(a) बिट (b) बाइट

(c) वर्ड (d) निबल

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से प्वाइंटिंग डिवाइस है/हैं?

1. ट्रैकबॉल
2. टचस्क्रीन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**80.** किसी कंप्यूटर प्रणाली में, चिह्नित संख्याओं (साइन्ड नंबर) को किसके द्वारा निरूपित **नहीं** किया जा सकता है?

(a) चिह्नित परिमाण (साइन्ड मैग्निट्यूड)

(b) एक का पूरक (वन्स कॉम्प्लिमेंट)

(c) दो का पूरक (टूस कॉम्प्लिमेंट)

(d) चल परिमाण (फ्लोट मैग्निट्यूड)

**81.** हिस्टोग्राम एक प्रकार का

(a) लाइन चार्ट है

(b) पाई चार्ट है

(c) बार चार्ट है

(d) डोनट चार्ट है

**82.** निम्नलिखित में से कौन-सा, डेटा के पठन एवं रिकॉर्डिंग के लिए ऑप्टिकल स्टोरेज सिस्टम में माध्यम होता है?

(a) पराबैंगनी प्रकाश

(b) लेज़र प्रकाश

(c) अदृश्य प्रकाश (ब्लैक लाइट)

(d) उच्च ऊर्जा दृश्य प्रकाश

**83.** एम० एस० ऐक्सेस क्या है?

(a) संबंधपरक (रिलेशनल) डी० बी० एम० एस०

(b) नेटवर्क डी० बी० एम० एस०

(c) अभिलक्ष्यी (ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड) डी० बी० एम० एस०

(d) पदानुक्रमिक (हाइअराइकल) डी० बी० एम० एस०

**84.** ओ० एस० आइ० मॉडल के किस स्तर पर, एक 'रिपीटर' प्रचालित होता है?

(a) फिज़िकल

(b) डेटा लिंक

(c) नेटवर्क

(d) प्रेज़ेंटेशन

**85.** 4A9·2B का दशमलव मान क्या है?

(a) 1193·1679

(b) 119·31679

(c) 11·931679

(d) 1·1931679

munotes.in

# PART—B

## PROFESSIONAL SKILL

**76.** In HTML, which one of the following is used to open the linked document in a new browser window?

*(a)* _self *(b)* _link

*(c)* _blank *(d)* _open

**77.** In the context of universal character encoding standard, UTF stands for

*(a)* Unicode Transformation Format

*(b)* Unicode Transformation Form

*(c)* Unique Transformation Format

*(d)* Unique Transformation Form

**78.** The smallest addressable unit of memory is

*(a)* bit *(b)* byte

*(c)* word *(d)* nibble

**79.** Which of the following is/are pointing device/devices?

1. Trackball
2. Touchscreen

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**80.** In a computer system, the signed numbers ***cannot*** be represented by

*(a)* signed magnitude

*(b)* one's complement

*(c)* two's complement

*(d)* float magnitude

**81.** Histogram is a type of

*(a)* line chart

*(b)* pie chart

*(c)* bar chart

*(d)* donut chart

**82.** Which one of the following is the medium in optical storage system for reading and recording data?

*(a)* Ultraviolet light

*(b)* Laser light

*(c)* Black light

*(d)* High-energy visible light

**83.** MS Access is a/an

*(a)* relational DBMS

*(b)* network DBMS

*(c)* object-oriented DBMS

*(d)* hierarchical DBMS

**84.** On which layer of the OSI model does a 'repeater' operate?

*(a)* Physical

*(b)* Data link

*(c)* Network

*(d)* Presentation

**85.** The decimal value of 4A9·2B is

*(a)* 1193·1679

*(b)* 119·31679

*(c)* 11·931679

*(d)* 1·1931679

munotes.in

86. अतिचार और नुकसान के संबंध में, नियोजक के अधिकारों को बनाए रखते समय एक निष्पक्ष, विनम्र और मैत्रीपूर्ण रुख किसी तात्कालिक परिस्थिति के तनाव से निपटने में लाभदायक हो सकता है और सद्भावना में दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

औद्योगिक सुरक्षा के लिए निम्नलिखित में से किस संदर्भ में यह कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) प्रत्यासूचना

(b) हड़ताल के दौरान कार्रवाई

(c) गश्त के दौरान कार्रवाई

(d) वर्धित गृह-प्रबंधन

87. किसी संयंत्र के मुख्य द्वार स्थित नियंत्रण कक्ष में, निम्नलिखित में से कौन-सा दस्तावेज अपेक्षित **नहीं** है?

(a) उपस्थिति रजिस्टर

(b) वाहन रजिस्टर

(c) स्थायी आदेश

(d) अपराध रजिस्टर

88. रोकड़ वाहन (कैश वैन) के चालकों को बड़ी मात्रा में रोकड़ ले जाते समय निम्नलिखित में से किस/किन बात/बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए?

1. आयोजित दुर्घटना
2. नकली पुलिस अधिकारी
3. अपेक्षित यातायात परिवर्तन
4. सामान्य गतिरोधक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) केवल 1

89. मानक ऊँचाई वाली किसी परिसीमा दीवार (पेरीमीटर वॉल) का अतिरिक्त सुदृढ़ीकरण, निम्नलिखित में से किनसे किया जाना चाहिए?

1. शीर्ष पर काँटेदार तार लगाकर
2. कील (स्पाइक) लगाकर
3. कंसर्टिना तार लगाकर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2 और 3

90. 'औद्योगिक उपक्रम' से किसी अनुसूचित उद्योग से संबद्ध कोई उपक्रम अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत किसी अन्य ऐसे उद्योग या किसी ऐसे व्यापार, कारबार या सेवा में लगा हुआ उपक्रम भी है जिसे संसद विधि द्वारा विनियमित करे। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की निम्नलिखित में से किस धारा में इसे परिभाषित किया गया है?

(a) धारा 2(1)(a)

(b) धारा 2(1)(b)

(c) धारा 2(1)(c)

(d) धारा 2(1)(d)

munotes.in

**86.** While maintaining the employer's rights in respect of trespass and damage, an impartial, courteous and friendly attitude can yield dividends in taking the heat out of an immediate situation and yield long-term dividends in the form of goodwill.

In which one among the following references will this statement be most appropriate for industrial security?

*(a)* Counter-intelligence

*(b)* Action during strike

*(c)* Action during patrolling

*(d)* Enhanced housekeeping

**87.** Which one of the following documents is ***not*** required in the control room of the main gate of a plant?

*(a)* Attendance register

*(b)* Vehicle register

*(c)* Standing order

*(d)* Crime register

**88.** The drivers of the cash vans, while carrying heavy cash, should pay special attention to which of the following?

1. Staged accidents
2. Fake police officers
3. Expected traffic diversions
4. Normal speed breakers

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 3 and 4

*(d)* 1 only

**89.** A perimeter wall of standard height should have further reinforcement with which of the following?

1. Barbed wire on top
2. Setting spikes
3. Concertina wire

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 and 3 only

**90.** 'Industrial undertaking' means any undertaking pertaining to a scheduled industry, and includes an undertaking engaged in any other industry, or in any trade, business or service which may be regulated by the Parliament by law. Which one among the following Sections of the CISF Act, 1968 defines this?

*(a)* Section 2(1)(a)

*(b)* Section 2(1)(b)

*(c)* Section 2(1)(c)

*(d)* Section 2(1)(d)

munotes.in

**91.** यदि आप 'अग्निपथ' योजना के अंतर्गत प्रथम बैच में 21 वर्ष की अधिकतम आयु-सीमा पर सशस्त्र बलों में शामिल हुए थे और आपने उसके तहत 4 वर्ष की सेवा पूरी की थी, तो केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आपकी भर्ती निम्नलिखित में से किस आयु तक कर सकता है?

*(a)* 27 वर्ष

*(b)* 28 वर्ष

*(c)* 29 वर्ष

*(d)* 30 वर्ष

**92.** बी० सी० ए० एस० के दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत के भीतर अंतर्देशीय उड़ान पर किसी सिख यात्री द्वारा ले जाने के लिए अनुमत *कृपाण* की अधिकतम स्वीकार्य लंबाई कितनी है?

*(a)* 4 इंच के ब्लेड के साथ कुल लंबाई 7 इंच

*(b)* अनधिक 6 इंच के ब्लेड के साथ कुल लंबाई 9 इंच

*(c)* अनधिक 6 इंच के ब्लेड के साथ कुल लंबाई 10 इंच

*(d)* अनधिक 4 इंच के ब्लेड के साथ कुल लंबाई 9 इंच

**93.** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 में किस वर्ष किए गए संशोधन के द्वारा केन्द्र सरकार को भारत की भौगोलिक अधिकारिता के बाहर इस बल को अभिनियोजित करने में समर्थ बनाकर बल के भू-भागीय कार्य-क्षेत्र में वृद्धि की गई है?

*(a)* 1983

*(b)* 1989

*(c)* 1999

*(d)* 2009

**94.** निम्नलिखित में से कौन-से, अग्निशामक छिड़काव तंत्र (फायर स्प्रिंकलर सिस्टम) के प्रकार हैं?

1. जल-प्रदाय (वेट) पाइप
2. पूर्व-कार्रवाई
3. जल-पृथकारी (ड्राई) पाइप
4. संप्लव-तंत्र (डेल्यूज)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**95.** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पास उच्च विशेषज्ञतायुक्त, प्रशिक्षित और पूर्णतः सुसज्जित अग्नि स्कंध (फायर विंग) है। यह निम्नलिखित में से किसके **सिवाय**, अन्य औद्योगिक स्थापनों को अग्नि से सुरक्षा प्रदान करता है?

*(a)* विद्युत् संयंत्र

*(b)* कोयला खान

*(c)* तेल रिफाइनरी

*(d)* उर्वरक संयंत्र

**96.** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किस विमानपत्तन पर तैनात किया गया था?

*(a)* नई दिल्ली

*(b)* जयपुर

*(c)* अमृतसर

*(d)* मुंबई



munotes.in

**91.** In case you had joined the armed forces at the upper age limit of 21 years under the 'Agneepath' Scheme in the first batch and you had served 4 years, you can be recruited by CISF until the age of

*(a)* 27 years

*(b)* 28 years

*(c)* 29 years

*(d)* 30 years

**92.** As per the BCAS guidelines, what is the maximum permissible length of a *Kirpan* allowed to be carried by a Sikh passenger on a domestic flight within India?

*(a)* 7 inches total length with a blade of 4 inches

*(b)* 9 inches total length with a blade not exceeding 6 inches

*(c)* 10 inches total length with a blade not exceeding 6 inches

*(d)* 9 inches total length with a blade not exceeding 4 inches

**93.** In which year did the amendment to the CISF Act, 1968 enhance the territorial purview of the force by enabling the Central Government to deploy it outside the geographical jurisdiction of India?

*(a)* 1983

*(b)* 1989

*(c)* 1999

*(d)* 2009

**94.** Which of the following are the types of fire sprinkler systems?

1. Wet pipe
2. Pre-action
3. Dry pipe
4. Deluge

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**95.** CISF has a highly specialized, trained and fully equipped fire wing. It provides fire coverage to industrial establishments, ***except***

*(a)* power plants

*(b)* coal mines

*(c)* oil refineries

*(d)* fertilizer plants

**96.** CISF was first inducted in which one among the following airports?

*(a)* New Delhi

*(b)* Jaipur

*(c)* Amritsar

*(d)* Mumbai

munotes.in

97. सुरक्षा उपस्करों में सी० आर० टी० क्या निरूपित करता है?

(a) कैथोड रे ट्यूब

(b) सेंट्रल रिसर्च ट्रांस्पॉन्डर

(c) कॉमन रिपीटर टाइमिंग

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. निम्नलिखित में से कौन-सा, क्षेत्र-कौशल (फील्डक्राफ्ट) और रण-कौशल (टैक्टिक्स) के अंतर्गत फायर से बचाव के लिए प्राकृतिक आड़ **नहीं** है?

(a) खड्ड भूमि

(b) खोखला स्थान

(c) झाड़ी

(d) विपरीत ढलान

99. क्षेत्र-कौशल (फील्डक्राफ्ट) और रण-कौशल (टैक्टिक्स) में अग्नि नियंत्रण आदेश को किनके द्वारा परिभाषित किया गया है?

1. ग्रुप
2. टारगेट का फासला (रेंज)
3. टारगेट का बयान
4. फायर की किस्म

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

100. निम्नलिखित में से कौन-से मुख्य कारक हैं, जो प्लाटून और सेक्शन के फॉर्मेशन को प्रभावित करते हैं?

1. जमीन
2. कमान और नियंत्रण
3. फायर की दिशा
4. कम-से-कम समय में अधिक-से-अधिक फायर गिराने की ताकत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

101. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम की धारा 10, बल-सदस्यों के कर्तव्य से संबंधित है।
2. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम की धारा 11, वारंट के बिना गिरफ्तार करने की शक्ति से संबंधित है।
3. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम की धारा 12, गिरफ्तारी के पश्चात् अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया से संबंधित है।
4. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम की धारा 13, वारंट के बिना तलाशी लेने की शक्ति से संबंधित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 4

(b) 2 और 3

(c) 1 और 2

(d) केवल 2

munotes.in

**97.** CRT in the context of security equipment stands for

(a) Cathode Ray Tube

(b) Central Research Transponder

(c) Common Repeater Timing

(d) None of the above

**98.** Which one among the following is ***not*** a natural cover from fire in fieldcraft and tactics?

(a) Ravine

(b) Hollow

(c) Bush

(d) Reverse slope

**99.** Fire control order in fieldcraft and tactics is defined by which of the following?

1. Group
2. Range
3. Indication of target
4. Type of fire

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**100.** Which among the following are the main factors that affect the formation of platoon and section?

1. Terrain
2. Command and control
3. Direction of fire
4. Maximum firepower within minimum time

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**101.** With reference to the CISF Act, 1968, which of the following statements is/are correct?

1. Section 10 of the CISF Act deals with the duties of the members of the force.
2. Section 11 of the CISF Act deals with the powers of arrest without warrant.
3. Section 12 of the CISF Act deals with the procedure to be followed after arrest.
4. Section 13 of the CISF Act deals with the powers of search without warrant.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 4

(b) 2 and 3

(c) 1 and 2

(d) 2 only

munotes.in

**102.** केन्द्रीय सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन किसी सरकारी कर्मचारी को निलंबित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी **नहीं** है?

(a) नियुक्ति प्राधिकारी

(b) ऐसा कोई प्राधिकारी, नियुक्ति प्राधिकारी जिसके अधीनस्थ है

(c) अनुशासनिक प्राधिकारी

(d) जाँच प्राधिकारी

**103.** केन्द्रीय सिविल सेवाएँ (आचरण) नियमावली, 1964 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि के लिए विहित प्राधिकारी की संस्वीकृति/अनुमति की आवश्यकता **नहीं** है?

(a) सिविल रक्षा सेवा में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होना

(b) निकट संबंधियों से उपहार स्वीकार करना, जब मूल्य विहित सीमा से अधिक हो

(c) किसी निजी या सार्वजनिक निकाय या व्यक्ति के लिए किए गए कार्य हेतु शुल्क स्वीकार करना

(d) भारत सेवक समाज द्वारा आयोजित *श्रमदान* में खाली समय के दौरान भाग लेना

**104.** अर्जित छुट्टी को निम्नलिखित में से किसके साथ जोड़ा जा सकता है?

(a) आकस्मिक छुट्टी, अर्ध-वेतन छुट्टी, प्रसूति छुट्टी

(b) आकस्मिक छुट्टी, प्रसूति छुट्टी, अध्ययन छुट्टी

(c) अर्ध-वेतन छुट्टी, प्रसूति छुट्टी, अस्वस्थता छुट्टी

(d) आकस्मिक छुट्टी, पितृत्व छुट्टी, अस्वस्थता छुट्टी, अध्ययन छुट्टी

**105.** छुट्टी यात्रा रियायत (एल० टी० सी०) का लाभ लेते समय 10 दिनों तक की अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के लिए, नकदीकरण की अवधि के साथ-साथ ली जा रही छुट्टियों की अवधि को हिसाब में लेते हुए, किसी सरकारी कर्मचारी के खाते में कम-से-कम कितने दिन की छुट्टी शेष होनी चाहिए?

(a) 180 दिन

(b) 30 दिन

(c) 90 दिन

(d) 300 दिन

**106.** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के श्वान दस्ते (डॉग स्कॉड) को निम्नलिखित में से किसे/किन्हें सूँघने और पहचानने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है?

1. धात्विक हथियार
2. स्वापक (नशीले पदार्थ)
3. अचार एवं तस्करी से लाए गए खाद्य पदार्थ
4. आइ० ई० डी०

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) 2 और 4

munotes.in

102. As per the CCS (CCA) Rules, 1965, which one among the following is ***not*** the competent authority to place a government servant under suspension?

(a) Appointing authority

(b) Any authority, to which the appointing authority is subordinate

(c) Disciplinary authority

(d) Inquiry authority

103. As per the CCS (Conduct) Rules, 1964, which one among the following activities does ***not*** require sanction/permission of the prescribed authority?

(a) To join as volunteers in civil defence service

(b) To accept gifts from near relatives, when value exceeds prescribed limits

(c) To accept fee for work done for any private or public body, or person

(d) To participate in *Shramdaan* organized by Bharat Sevak Samaj during spare time

104. Earned leave can be combined with which of the following?

(a) Casual leave, half pay leave, maternity leave

(b) Casual leave, maternity leave, study leave

(c) Half pay leave, maternity leave, sick leave

(d) Casual leave, paternity leave, sick leave, study leave

105. For an encashment of earned leave of up to 10 days at the time of availing LTC, a balance of at least how many days should be available to a government servant's credit after taking into account the period of encashment as well as leave being availed of?

(a) 180 days

(b) 30 days

(c) 90 days

(d) 300 days

106. The dog squad of CISF is trained to sniff and identify which of the following?

1. Metallic weapons
2. Narcotics
3. Pickle and smuggled food items
4. IEDs

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 2 only

(c) 1 and 3

(d) 2 and 4

munotes.in

**107.** वर्ष 2006 में, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने सुरक्षा-प्राप्त लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष सुरक्षा समूह (एस० एस० जी०) नामक विशिष्ट इकाई की स्थापना की। निम्नलिखित में से कौन-सा, उनके कर्तव्य का हिस्सा **नहीं** है?

(a) शारीरिक सुरक्षा प्रदान करना

(b) किसी आपात स्थिति में सुरक्षा-प्राप्त लोगों को निकालना

(c) नाम-निर्दिष्ट व्यक्तियों को चल और अचल स्थितियों में सुरक्षा प्रदान करना

(d) सुरक्षा-प्राप्त लोगों के संबंधियों और अतिथियों को सुरक्षा प्रदान करना

**108.** हम उस अवसर को क्या कहते हैं जब लोग किसी प्राधिकार-प्राप्त व्यक्ति के चारों ओर खड़े होकर यह दर्शाते हैं कि वे किसी बात से असहमत हैं, और वे उस व्यक्ति को तब तक जाने नहीं देते, जब तक कि वह व्यक्ति उस कार्य को करने के लिए सहमत न हो जाए, जो लोग चाहते हैं?

(a) परिरोध

(b) सदोष अवरोध

(c) नाकाबंदी

(d) घेराव

**109.** आसूचना विभिन्न स्रोतों से एकत्र की जा सकती है। निम्नलिखित में से कौन-सा, आसूचना एकत्र करने का विश्वसनीय स्रोत **नहीं** है?

(a) उपग्रहों द्वारा प्राप्त छवियाँ (इमेज)

(b) अपुष्ट (ग्रेपवाइन) सूचना

(c) अंतर-अवरोधित (इंटरसेप्टेड) सूचना

(d) गुप्तचरी (एस्पिअनाश्ज़) के माध्यम से प्राप्त जानकारी

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा, बम संसूचन और निपटान दस्ता (बी० डी० डी० एस०) उपस्कर का हिस्सा **नहीं** है?

(a) टेलीस्कोपिक मैनिपुलेटर

(b) बम ब्लैंकेट

(c) गहन तलाशी धातु खोजक (डीप सर्च मेटल डिटेक्टर)

(d) धुआँ बम

**111.** प्रतियोगी लाभ प्राप्त करने के लिए किसी प्रतियोगी द्वारा उपयोग की गई कारबारी गुप्त बातों की अवैध और अनैतिक चोरी को क्या कहा जाता है?

(a) भीतरघात (सैबोटेज)

(b) ध्वंसात्मक कार्य (सबवर्शन)

(c) औद्योगिक गुप्तचरी (इंडस्ट्रियल एस्पिअनाश्ज़)

(d) प्रत्यासूचना (काउंटर-इंटेलिजेंस)

**112.** विमान अपहरण को रोकने के लिए स्काई मार्शल तैनात किए जाते हैं। भारत में, इनकी भर्ती निम्नलिखित में से किससे की जाती है?

(a) दिल्ली पुलिस

(b) एन० एस० जी०

(c) एस० पी० जी०

(d) सी० आइ० एस० एफ०



munotes.in

**107.** In 2006, CISF raised a special unit called the Special Security Group (SSG) to provide security cover to protectees. Which of the following is ***not*** a part of its duty?

(a) Providing physical protection

(b) Evacuation of the protectees in case of an emergency

(c) Providing mobile and static security cover to nominated persons

(d) Providing protection to the relatives and guests of the protectees

**108.** What do we call an occasion when people show that they disagree with something by standing around a person in authority and not letting the person leave until the person agrees to do what the people want?

(a) Confinement

(b) Wrongful restraint

(c) Blockade

(d) *Gherao*

**109.** Intelligence can be collected from various sources. Which one among the following is ***not*** a reliable source for collection of intelligence?

(a) Images obtained by satellites

(b) Grapevine communication

(c) Intercepted communication

(d) Information obtained through espionage

**110.** Which one among the following is ***not*** a part of Bomb Detection and Disposal Squad (BDDS) equipment?

(a) Telescopic manipulator

(b) Bomb blanket

(c) Deep search metal detector

(d) Smoke bomb

**111.** The illegal and unethical theft of business secrets for use by a competitor to achieve a competitive advantage is known as

(a) sabotage

(b) subversion

(c) industrial espionage

(d) counter-intelligence

**112.** Sky Marshals are deployed to prevent hijacking. In India, they are recruited from

(a) Delhi Police

(b) NSG

(c) SPG

(d) CISF

munotes.in

**113.** उड़ान में मोबाइल फोन के लिए पावर बैंक और ड्राई सेल ले जाने के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) केबिन सामान में दोनों की अनुमति है।

(b) केबिन सामान में ड्राई सेल की अनुमति है।

(c) केबिन सामान में पावर बैंक की अनुमति है।

(d) रजिस्ट्रीकृत सामान में दोनों की अनुमति है।

**114.** पुलिस (द्रोह-उद्दीपन) अधिनियम, 1922, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों पर उसी प्रकार लागू होगा जैसा कि यह पुलिस बल के सदस्यों पर लागू होता है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की कौन-सी धारा यह कहती है?

(a) धारा 18

(b) धारा 19

(c) धारा 20

(d) धारा 21

**115.** डाक से भेजे जाने वाले अत्यंत महत्त्व के गोपनीय दस्तावेजों को अभिप्रेत प्राप्तकर्ता को संबोधित लिफाफे में बंद किया जाना चाहिए, और उन्हें

1. सर्वथा वैयक्तिक के रूप में (नाम से) चिह्नित किया जाना चाहिए
2. सर्वथा निजी के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए
3. प्रतिबंधित के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए
4. एक अन्य लिफाफे में डाला जाना चाहिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2 और 4

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 4

**116.** गृह मंत्रालय (एम० एच० ए०) की अधिसूचना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सी० ए० पी० एफ०) **नहीं** है?

(a) एस० एस० बी०

(b) एन० एस० जी०

(c) असम राइफल्स

(d) एस० पी० जी०

munotes.in

**113.** Which one of the following statements with regard to carrying power banks for mobile phones and dry cells in flight is correct?

*(a)* Both are allowed in cabin baggage.

*(b)* Dry cell is allowed in cabin baggage.

*(c)* Power bank is allowed in cabin baggage.

*(d)* Both are allowed in registered baggage.

**114.** The Police (Incitement to Disaffection) Act, 1922 shall apply to members of the CISF as it applies to members of a Police Force. Which Section of the CISF Act, 1968 says this?

*(a)* Section 18

*(b)* Section 19

*(c)* Section 20

*(d)* Section 21

**115.** Vitally confidential documents passing through the post should be enclosed in an envelope addressed to the intended recipient, and they should be

1. marked as strictly personal (by name)
2. marked as strictly private
3. marked as restricted
4. put into another envelope

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 and 4 only

**116.** As per the MHA notification, which one among the following is ***not*** a CAPF?

*(a)* SSB

*(b)* NSG

*(c)* Assam Rifles

*(d)* SPG

munotes.in

**117.** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, निम्नलिखित में से किस मेट्रो रेल लाइन को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा प्रदान **नहीं** की गई है?

*(a)* ब्लू लाइन

*(b)* एक्वा लाइन

*(c)* मैजेंटा लाइन

*(d)* एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन

**118.** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. धारा 8, इस बल के अधीक्षण और प्रशासन से संबंधित है।
2. इस बल का अधीक्षण केन्द्रीय सरकार में निहित होगा।
3. इस बल का समादेशन और पर्यवेक्षण महानिदेशक में निहित होगा।
4. इस बल का प्रशासन महानिरीक्षक में निहित होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 4

*(b)* 2 और 4

*(c)* 2 और 3

*(d)* केवल 1

**119.** समग्र जोखिम प्रबंधन में, निम्नलिखित में से कौन-से शामिल हैं?

1. संरक्षा
2. अग्नि से बचाव
3. क्षति नियंत्रण
4. बीमा प्रकार्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**120.** क्षेत्र-कौशल (फील्डक्राफ्ट) में, फासला कब असल से कम दिखाई देता है?

1. जब रोशनी तेज हो
2. जब निशान आस-पास के निशानों से बड़ा हो
3. जब देखने वाले और निशान के बीच दबी हुई/नीची जमीन हो
4. जब नीचे से ऊपर की तरफ देख रहे हों

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 3

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

munotes.in

**117.** In the National Capital Region, on which one of the following metro rail lines is CISF cover ***not*** provided?

*(a)* Blue Line

*(b)* Aqua Line

*(c)* Magenta Line

*(d)* Airport Express Line

**118.** With reference to the CISF Act, 1968, which of the following statements is/are ***not*** correct?

1. Section 8 deals with the superintendence and administration of the Force.
2. The superintendence of the Force shall vest in the Central Government.
3. The command and supervision of the Force shall vest in the Director General.
4. The administration of the Force shall vest in the Inspector General.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 4

*(b)* 2 and 4

*(c)* 2 and 3

*(d)* 1 only

**119.** Which of the following are included in total risk management?

1. Safety
2. Fire prevention
3. Damage control
4. Insurance functions

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**120.** In fieldcraft, distance is underestimated when

1. the light is bright
2. the object is large in relation to its surroundings
3. there is compressed/low-lying ground between the observer and the object
4. looking uphill

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

munotes.in

**121.** किसी स्थापन का नियोजक, विधि के अनुसार, किसी कर्मचारी के वेतन से उसके अंशदान की कटौती उसकी पारिवारिक पेंशन निधि में जमा करने के लिए करता है लेकिन उसे जमा नहीं करता, जैसा कि विधि द्वारा अपेक्षित है। नियोजक

*(a)* उस राशि को जमा करने के अपने वचन पर किसी भी विधि के अधीन कोई अपराध नहीं करने का दोषी होगा

*(b)* विधि का अतिक्रमण करने का दोषी होगा और केवल सुसंगत श्रम विधान के अधीन दंडनीय होगा

*(c)* भारतीय दंड संहिता, 1860 के अधीन आपराधिक न्यासभंग करने का दोषी होगा

*(d)* भारतीय दंड संहिता, 1860 के अधीन आपराधिक न्यासभंग करने का दोषी नहीं होगा

**122.** निम्नलिखित में से किस/किन अपराध/अपराधों के लिए आजीवन कारावास से दंडित किया जा सकता है?

1. उपासना स्थल के रूप में उपयोग में आने वाले किसी निर्माण को नष्ट करने के लिए अग्नि द्वारा रिष्टि
2. मानव-विकास के रूप में उपयोग में आने वाले किसी गृह को नष्ट करने के लिए विस्फोटक पदार्थ द्वारा रिष्टि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**123.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन संपत्ति के अभिग्रहण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विधिविरुद्धतया अर्जित संपत्ति की पहचान करने के लिए अन्वेषण करने वाले पुलिस उप-निरीक्षक से अनिम्न पंक्ति का कोई पुलिस अधिकारी अन्वेषणाधीन संपत्ति को अभिग्रहण करने का आदेश कर सकता है, यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उक्त संपत्ति को किसी रीति से छिपाई या अंतरित की जा सकती है।
2. उपर्युक्त रूप में किए गए आदेश का तब तक कोई प्रभाव नहीं होगा, जब तक कि आदेश किए जाने के तीस दिन की अवधि के भीतर न्यायालय के आदेश द्वारा इसकी पुष्टि नहीं कर दी जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**124.** एक ज़िला मजिस्ट्रेट, कांस्टेबल की पंक्ति से ऊपर के किसी पुलिस अधिकारी को किसी भी स्थान पर निक्षिप्त आपत्तिजनक वस्तु को अपने कब्जे में लेने के लिए वारंट द्वारा प्राधिकार दे सकता है। इन वस्तुओं में शामिल हैं

1. कूटरचित दस्तावेज
2. नकली मुद्राएँ
3. अश्लील वस्तुएँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**121.** An employer of an establishment deducts an employee's contribution from his wages for crediting the same to the Family Pension Fund as per law but does not credit the same as required by law. The employer

*(a)* would be guilty of committing no offence under any law on his promise to deposit the amount

*(b)* would be guilty of having violated the law and would be punishable only under the relevant labour legislation

*(c)* would be guilty of having committed the offence of criminal breach of trust under the Indian Penal Code, 1860

*(d)* would not be guilty of having committed the offence of criminal breach of trust under the Indian Penal Code, 1860

**122.** The punishment of imprisonment for life can be awarded for which of the following offences?

1. Mischief by fire to destroy a building used as a place of worship
2. Mischief by explosive substance to destroy a human dwelling house

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**123.** With regard to seizure of property under the Code of Criminal Procedure, 1973, consider the following statements :

1. A police officer not below the rank of Sub-Inspector of Police conducting an investigation for identifying unlawfully acquired property can make an order for seizing the property under investigation if he has reason to believe that the property in question may be concealed or transferred in any manner.
2. An order made as above shall have no effect unless the same is confirmed by an order of the court within thirty days of its being made.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**124.** A District Magistrate may by warrant authorize a police officer above the rank of a constable to take possession of an objectionable article deposited in any place. These articles include

1. forged documents
2. false seals
3. obscene objects

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**125.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन तलाशी के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई तलाशी वारंट तब तक प्रवर्तन में रहेगा जब तक कि उसे जारी करने वाले न्यायालय द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता है या जब तक उसे निष्पादित नहीं कर दिया जाता है।

2. कोई तलाशी वारंट ऐसे किसी भी स्थान पर निष्पादित नहीं किया जा सकता है, यदि संबंधित स्थान इसे जारी करने वाले न्यायालय के अधिकारिता से परे है।

3. ज़िला मजिस्ट्रेट किसी भी परिरुद्ध व्यक्ति की तलाशी के लिए तलाशी वारंट जारी कर सकता है, जहाँ ऐसा परिरोध अपराध की कोटि में आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 *(b)* केवल 2

*(c)* 2 और 3 *(d)* 1 और 3

**126.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन संपत्ति अभिग्रहण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई पुलिस अधिकारी किसी ऐसी संपत्ति को अभिगृहीत कर सकता है जिसके बारे में संदेह है कि वह चुराई हुई है।

2. कोई पुलिस अधिकारी किसी ऐसी संपत्ति को अभिगृहीत कर सकता है जो ऐसी परिस्थितियों में पाई जाती है, जिनसे किसी अपराध किए जाने का संदेह हो।

3. यदि अभिगृहीत की गई संपत्ति का मूल्य एक हज़ार रुपए से कम है और इसके कब्जे का हकदार व्यक्ति अनुपस्थित है, तो न्यायालय तुरंत नीलामी द्वारा इसकी बिक्री का निर्देश दे सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 *(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3 *(d)* केवल 3

**127.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* कोई मजिस्ट्रेट डाक या तार प्राधिकारी की अभिरक्षा के कोई दस्तावेज या पार्सल की तलाशी के लिए वारंट जारी कर सकता है।

*(b)* कोई तलाशी वारंट तब जारी किया जा सकता है जब किसी अन्वेषण या विचारण के प्रयोजन के लिए आवश्यक कोई विशेष दस्तावेज या चीज के बारे में न्यायालय को यह ज्ञात नहीं है कि वह किसी व्यक्ति के कब्जे में है।

*(c)* कोई तलाशी वारंट तब जारी किया जा सकता है जब न्यायालय के पास यह विश्वास करने का कारण है कि जिस व्यक्ति को अन्वेषण या विचारण के लिए कोई आवश्यक दस्तावेज पेश करने के लिए समन जारी किया गया है, वह उसे पेश नहीं करेगा।

*(d)* किसी विशेष स्थान की साधारण तलाशी के लिए तलाशी वारंट जारी किया जा सकता है।

**128.** भारतीय दंड संहिता, 1860 के अधीन रिश्वत के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से शामिल है/हैं?

1. किसी व्यक्ति को इस उद्देश्य से परितोषण देना कि वह उस व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे या किसी व्यक्ति को इसलिए इनाम दे कि उसने ऐसे अधिकार का प्रयोग किया है

2. लोक नीति की घोषणा करना या लोक कार्रवाई का वचन देना

3. खाद्य, पेय या मनोरंजन के रूप में कोई सत्कार करना या सत्कार स्वीकार करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 2 और 3

**125.** Consider the following statements with regard to search under the Code of Criminal Procedure, 1973 :

1. A search warrant remains in force until cancelled by the court issuing it or the same is executed.
2. A search warrant cannot be executed at any place if the place concerned falls outside the jurisdiction of the court issuing it.
3. A search warrant may be issued by the District Magistrate for search of a person who has been confined where such confinement amounts to an offence.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only *(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 *(d)* 1 and 3

**126.** Consider the following statements with regard to seizure of property under the Code of Criminal Procedure, 1973 :

1. Any police officer may seize any property which may be suspected to be stolen.
2. Any police officer may seize any property which may be found under circumstances which create suspicion of the commission of any offence.
3. If the value of the property seized is less than one thousand rupees and the person entitled to its possession is absent, the court may direct its sale by auction forthwith.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only *(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3 *(d)* 3 only

**127.** Which one among the following statements is ***not*** correct?

*(a)* A Magistrate may issue a warrant to search a document or parcel in the custody of Postal or Telegraph authority.

*(b)* A search warrant may be issued when it is not known to the court that a particular document or thing necessary for the purpose of any investigation or trial is in the possession of any person.

*(c)* A search warrant may be issued when the court has reason to believe that the person who has been issued summons to produce a document necessary for any investigation or trial will not produce the same.

*(d)* A search warrant may be issued for general search of a particular place.

**128.** Bribery, under the Indian Penal Code, 1860, includes which of the following?

1. Giving a gratification to any person with the object of inducing him to exercise any electoral right or rewarding any person for having exercised any such right
2. Making of a declaration of public policy or making of a promise of public action
3. Giving or accepting a treat in the form of food, drink or entertainment

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 and 3

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 3

munotes.in

129. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सांविधानिक निकाय है?

(a) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

(b) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(c) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग

(d) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

130. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) किसी राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्य केवल पाँच वर्ष की अवधि तक अपना पद धारण करते हैं।

(b) किसी राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्य केवल छः वर्ष की अवधि तक अपना पद धारण करते हैं।

(c) किसी राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्य तीन वर्ष की अवधि तक अपना पद धारण करते हैं और वे पुनर्नियुक्ति के पात्र होते हैं।

(d) किसी राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्य पाँच वर्ष की एक और अवधि के लिए पुनर्नियुक्त किए जा सकते हैं।

131. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में कम-से-कम एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य है, जिसे मानव अधिकारों से संबंधित विषयों का ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।

2. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में कम-से-कम तीन सदस्यों का होना अनिवार्य है, जिन्हें मानव अधिकारों से संबंधित विषयों का ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।

3. दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त को केवल कुछ प्रयोजनों के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का सदस्य समझा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

132. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा उपबंध निवारक निरोध से संबंधित है?

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 20

(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 22

133. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में किए गए संशोधनों का प्रवर्तन अब तक **नहीं** किया गया है?

(a) अनुच्छेद 20(1)

(b) अनुच्छेद 20(2)

(c) अनुच्छेद 21

(d) अनुच्छेद 22(4)

134. भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 के अधीन निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार गिरफ्तार किए गए और निरुद्ध रखे गए किसी व्यक्ति के लिए स्पष्ट रूप से उपलब्ध **नहीं** है?

(a) जमानत पाने का अधिकार

(b) गिरफ्तारी के कारणों को जानने का अधिकार

(c) मजिस्ट्रेट के प्राधिकार के बिना गिरफ्तारी से चौबीस घंटे की अवधि से अधिक अवधि के लिए निरुद्ध नहीं रहने का अधिकार

(d) अपनी रुचि के किसी विधि व्यवसायी द्वारा अपनी प्रतिरक्षा कराने का अधिकार

munotes.in

**129.** Which one of the following is a constitutional body?

(a) The National Commission for Backward Classes

(b) The National Commission for Scheduled Tribes

(c) The National Commission for Protection of Child Rights

(d) The National Commission for Minorities

**130.** Which one of the following statements with regard to the Protection of Human Rights Act, 1993 is correct?

(a) The Chairman and Members of a State Human Rights Commission hold office for a term of five years only.

(b) The Chairman and Members of a State Human Rights Commission hold office for a term of six years only.

(c) The Chairman and Members of a State Human Rights Commission hold office for a term of three years and are eligible for reappointment.

(d) The Chairman and Members of a State Human Rights Commission can be reappointed for one more term of five years.

**131.** Consider the following statements with regard to the Protection of Human Rights Act, 1993 :

1. It is mandatory to have at least one woman Member in the National Human Rights Commission having the knowledge of, or practical experience in, matters relating to human rights.
2. It is mandatory to have at least three Members in the National Human Rights Commission having the knowledge of, or practical experience in, matters relating to human rights.
3. The Chief Commissioner for Persons with Disabilities is deemed to be a Member of the National Human Rights Commission for certain purposes only.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**132.** Which one among the following provisions of the Constitution of India relates to preventive detention?

(a) Article 19 (b) Article 20

(c) Article 21 (d) Article 22

**133.** Amendments to which one among the following Articles to the Constitution of India have ***not*** been enforced till now?

(a) Article 20(1)

(b) Article 20(2)

(c) Article 21

(d) Article 22(4)

**134.** Which one among the following rights is ***not*** expressly provided under Article 22 of the Constitution of India to a person who has been arrested and detained?

(a) Right to get bail

(b) Right to know the grounds of arrest

(c) Right not to remain detained beyond twenty-four hours of arrest without the authority of a Magistrate

(d) Right to be defended by a legal practitioner of his choice



munotes.in

**135.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की शिनाख्त से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गिरफ्तार किए गए किसी व्यक्ति को, न्यायालय द्वारा विहित रीति से, स्वयं की शिनाख्त कराने के लिए आदेश दिया जा सकता है।
2. यदि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की शिनाख्त करने वाला व्यक्ति मानसिक या शारीरिक रूप से निःशक्त है, तो सभी दशाओं में शिनाख्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अवश्य करनी चाहिए।
3. यदि शिनाख्त करने वाला व्यक्ति मानसिक या शारीरिक रूप से निःशक्त है, तो इसे मजिस्ट्रेट के पर्यवेक्षण में किया जाना अनिवार्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**136.** भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस उपबंध में बलात् श्रम जैसे कि मानव का दुर्व्यापार और *बेगार* तथा इसी प्रकार का अन्य बलात् श्रम प्रतिषिद्ध किया गया है, परंतु राज्य को बिना किसी विभेद के सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए अनिवार्य सेवा अधिरोपित करने से निवारित **नहीं** करता?

*(a)* अनुच्छेद 23

*(b)* अनुच्छेद 24

*(c)* अनुच्छेद 25

*(d)* अनुच्छेद 26

**137.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन 'साक्ष्य' से क्या अभिप्रेत है?

1. कथन, जो जाँचाधीन तथ्य के विषयों के संबंध में हैं, उन्हें न्यायालय अपने सामने साक्षियों द्वारा किए जाने की अनुज्ञा देता है, या अपेक्षा करता है
2. न्यायालय के निरीक्षण के लिए पेश किए गए सभी दस्तावेज, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख शामिल हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**138.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के संबंध में, निम्नलिखित विधिक प्रस्तावों में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*(a)* जहाँ उपबंध है कि न्यायालय किसी तथ्य की उपधारणा कर सकेगा, वहाँ न्यायालय या तो ऐसे तथ्य को साबित हुआ मान सकेगा, यदि वह नासाबित नहीं किया जाता है, या उसके सबूत की माँग कर सकेगा

*(b)* जहाँ उपबंध है कि न्यायालय किसी तथ्य की उपधारणा करेगा, वहाँ न्यायालय ऐसे तथ्य को साबित मानेगा, यदि वह नासाबित नहीं किया जाता है

*(c)* जहाँ उपबंध है कि न्यायालय किसी तथ्य की उपधारणा करेगा, वहाँ न्यायालय सबूत की माँग कर सकेगा

*(d)* जहाँ कि एक तथ्य किसी अन्य तथ्य का निश्चायक सबूत घोषित किया गया है, वहाँ न्यायालय उस एक तथ्य के साबित हो जाने पर उस अन्य को साबित मानेगा और उसे नासाबित करने के प्रयोजन के लिए साक्ष्य दिए जाने की अनुज्ञा नहीं देगा

munotes.in

**135.** Consider the following statements relating to identification of arrested person under the Code of Criminal Procedure, 1973 :

1. An arrested person can be directed to subject himself to identification in the manner prescribed by the court.
2. If the person identifying the person arrested is mentally or physically disabled, the identification process must be videographed in all cases.
3. The supervision of a Magistrate is not mandatory if the person identifying is mentally or physically disabled.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**136.** Which one among the following provisions of the Constitution of India prohibits forced labour such as traffic in human beings, *Begar* and such other similar forms of labour, but does ***not*** prevent the State from imposing compulsory service for public purposes without discrimination?

*(a)* Article 23

*(b)* Article 24

*(c)* Article 25

*(d)* Article 26

**137.** What does 'evidence', under the Indian Evidence Act, 1872, mean?

1. Statements in relation to matters of fact under inquiry which the court permits or requires to be made before it by witnesses
2. Documents produced for the inspection of the court including electronic records

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**138.** Which one among the following legal propositions is ***not*** correct with regard to the Indian Evidence Act, 1872?

*(a)* When there is a provision that the court may presume a fact, it may either regard such fact as proved unless it is disproved or may call for proof of it

*(b)* When there is a provision that the court shall presume a fact, it shall regard such fact as proved unless it is disproved

*(c)* When there is a provision that the court shall presume a fact, it may call for proof

*(d)* When one fact is declared to be conclusive proof of another, the court shall, on proof of one fact, regard the other as proved and shall not allow evidence to be given for the purpose of disproving it

munotes.in

**139.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन 'न्यायालय' के अंतर्गत कौन शामिल **नहीं** है?

(a) मजिस्ट्रेट

(b) मध्यस्थ

(c) सिविल न्यायाधीश

(d) साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से प्राधिकृत व्यक्ति

**140.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकारों के संरक्षण के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए?

(a) डी० के० बसु *बनाम* पश्चिम बंगाल राज्य

(b) ललिता कुमारी *बनाम* उत्तर प्रदेश राज्य

(c) रुदल शाह *बनाम* बिहार राज्य

(d) परमानंद कटारा *बनाम* भारत संघ

**141.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित धाराओं में से किसके अधीन, सरकार द्वारा स्थापित आसूचना और सुरक्षा संगठनों को भी मानव अधिकारों के अतिक्रमण से संबंधित सूचना के प्रकटीकरण से छूट **नहीं** है?

(a) धारा 18

(b) धारा 20

(c) धारा 24

(d) धारा 26

**142.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10A के अधीन विवाद के माध्यस्थम् के लिए स्वेच्छया निर्देश किया जा सकेगा

(a) जहाँ कि कोई औद्योगिक विवाद विद्यमान है या होने की आशंका है

(b) जब नियोजक और कर्मकार विवाद को माध्यस्थम् के लिए निर्देशित किए जाने के लिए सहमत हों

(c) विवाद को धारा 10 के अधीन निर्देशित किए जाने से पूर्व या निर्देशित किए जाने के पश्चात् किसी भी समय

(d) ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को, जिन्हें माध्यस्थम् करार में विनिर्दिष्ट किया जाए

**143.** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन किसी अधिनिर्णय के प्रकाशन और प्रारंभ होने के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) श्रम न्यायालय, अधिकरण या राष्ट्रीय अधिकरण का हर किसी माध्यस्थम् पंचाट या अधिनिर्णय, समुचित सरकार द्वारा ऐसे अधिनिर्णय की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन की कालावधि के भीतर प्रकाशित किया जाएगा।

(b) अधिनिर्णय, समुचित सरकार द्वारा उसके प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के अवसान पर प्रवर्तनीय होगा।

(c) यदि समुचित सरकार की यह राय हो कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालने वाले लोक आधारों पर इस अधिनिर्णय को प्रभावी करना असमीचीन होगा, तो समुचित सरकार घोषित कर सकती है कि 30 दिन की कालावधि के अवसान पर भी ऐसा अधिनिर्णय प्रवर्तनीय नहीं होगा।

(d) किसी अधिनिर्णय को अप्रवर्तनीय बनाने के संबंध में समुचित सरकार में निहित शक्तियाँ आत्यंतिक हैं और मामले को किसी अन्य प्राधिकारी को आगे संदर्भित करने की आवश्यकता नहीं है।

munotes.in

**139.** 'Court', under the Indian Evidence Act, 1872, does ***not*** include which of the following?

*(a)* Magistrates

*(b)* Arbitrators

*(c)* Civil Judges

*(d)* Persons legally authorized to take evidence

**140.** In which one among the following cases, the Supreme Court issued detailed directions for the protection of the rights of the arrested person?

*(a)* D. K. Basu *vs* State of West Bengal

*(b)* Lalita Kumari *vs* State of UP

*(c)* Rudul Sah *vs* State of Bihar

*(d)* Parmanand Katara *vs* Union of India

**141.** Under which one among the following Sections of the Right to Information Act, 2005 is information pertaining to violation of human rights ***not*** exempted from disclosure by intelligence and security organizations established by the government?

*(a)* Section 18

*(b)* Section 20

*(c)* Section 24

*(d)* Section 26

**142.** Which of the following is ***not*** correct?

A voluntary reference of dispute to arbitration under Section 10A of the Industrial Disputes Act, 1947 can be made

*(a)* where the industrial dispute exists or is apprehended

*(b)* when the employer and the workmen agree to refer the dispute to arbitration

*(c)* at any time before or after the dispute has been referred under Section 10

*(d)* to such person or persons as may be specified in the arbitration agreement

**143.** Which one among the following statements in respect of publication and commencement of an award under the Industrial Disputes Act, 1947 is ***not*** correct?

*(a)* Every arbitration award or award of the Labour Court, Tribunal or National Tribunal shall be published by the appropriate government within a period of 30 days from the date of receipt of any such award.

*(b)* An award is enforceable on the expiration of 30 days from the date of its publication by the appropriate government.

*(c)* The appropriate government can declare that such award is not enforceable even after the expiration of 30 days, in case it is of the opinion that it is inexpedient on public grounds affecting the national economy to give effect to the award.

*(d)* The powers vested on the appropriate government with regard to making an award unenforceable are absolute and it is not required to refer the matter any further to any other authority.

munotes.in

**144.** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन 'कर्मकार' के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किस श्रेणी का/किन श्रेणियों के व्यक्ति आता है/आते हैं?

1. किसी उद्योग में प्रशासनिक कार्यों को देखने के लिए नियोजित व्यक्ति
2. किसी उद्योग में तकनीकी कार्यों को करने के लिए नियोजित व्यक्ति
3. किसी कारागार के अधिकारी या कर्मचारी के रूप में नियोजित व्यक्ति
4. किसी उद्योग में संक्रियात्मक कार्यों को करने के लिए नियोजित व्यक्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 4

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा, छँटनी की कोटि में आता है?

*(a)* *X* अधिवार्षिता की आयु का हो जाने पर अपनी सेवाओं से निवृत्त हो जाता है

*(b)* *X* के नियोजन संविदा का नवीकरण नहीं किए जाने के फलस्वरूप उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है

*(c)* *X* के नियोजक द्वारा किसी भी कारण से उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है

*(d)* *X* को अनुशासनिक कार्रवाई के रूप में दिए गए दंड के फलस्वरूप उसके नियोजन का पर्यवसान कर दिया जाता है

**146.** निम्नलिखित में से किसे/किन्हें आंशिक निःशक्तता के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है?

1. यदि निःशक्तता अस्थायी प्रकार की है, तो इससे कर्मकार की किसी नियोजन में उपार्जन-सामर्थ्य कम हो जाती है जिसमें वह उस दुर्घटना के समय लगा हुआ था
2. यदि निःशक्तता अस्थायी प्रकार की है, तो यह व्यक्ति को ऐसे सभी कार्य करने के लिए अशक्त बना देती है, जिसे वह उस दुर्घटना के समय निष्पादित करने के लिए समर्थ था
3. यदि निःशक्तता स्थायी प्रकार की है, तो इससे हर ऐसे नियोजन में उसकी उपार्जन-सामर्थ्य कम हो जाती है, जिसे ग्रहण करने के लिए वह दुर्घटना के समय समर्थ था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 2 और 3

*(b)* 1 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* केवल 1

**147.** कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के अधीन, निम्नलिखित में से किन मामलों में कोई नियोजक प्रतिकर का देनदार होगा?

1. जहाँ किसी कर्मचारी को अपने नियोजन से उद्भूत दुर्घटना द्वारा वैयक्तिक क्षति कारित होती है
2. जहाँ क्षति के कारण दो दिनों के लिए पूर्ण निःशक्तता रहती है
3. जहाँ कर्मचारी को उसके नियोजन के अनुक्रम में वैयक्तिक क्षति कारित होती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

144. Which of the following categories of persons is/are 'workmen' under the Industrial Disputes Act, 1947?

1. Persons employed to look after the administrative functions in an industry
2. Persons employed to do technical work in an industry
3. Persons employed as officer or employee of a prison
4. Persons employed to do operational work in an industry

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 4 only

(c) 2, 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

145. Which one among the following amounts to retrenchment?

(a) X retires from his services on reaching the age of superannuation

(b) X is terminated from his services due to non-renewal of his employment contract

(c) X is terminated by his employer for any reasons whatsoever

(d) X is terminated from his employment by way of punishment inflicted by way of disciplinary action

146. Which of the following can be said to be classified as partial disablement?

1. In case the disablement is temporary, it reduces the earning capacity of the employee in any employment in which he was engaged at the time of the accident
2. In case the disablement is temporary, it disables the person from performing all works that he was capable of performing at the time of the accident
3. In case the disablement is permanent, it reduces his earning capacity in every employment he was capable of undertaking at the time of the accident

Select the correct answer using the code given below.

(a) 2 and 3

(b) 1 and 3

(c) 3 only

(d) 1 only

147. In which of the following cases will an employer be held liable to pay compensation under the Employees' Compensation Act, 1923?

1. Where a personal injury is caused to an employee by an accident arising out of his employment
2. Where the injury caused results in total disablement for two days
3. Where the personal injury to the employee is caused in the course of his employment

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

munotes.in

**148.** कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* इस अधिनियम के अधीन संदेय एकमुश्त राशि या अर्ध-मासिक संदाय कर्मचारी से भिन्न किसी व्यक्ति को समनुदिष्ट या भारित या संक्रांत किए जाने योग्य हो सकेगा।

*(b)* आयुक्त द्वारा प्रतिकर की सूचना पर विचार किया जा सकेगा, भले ही दुर्घटना की सूचना उसके घटित होने के समय नहीं दी गई हो।

*(c)* अर्ध-मासिक संदाय प्राप्त करने के किसी अधिकार का मोचन किसी भी परिस्थिति में ऐसी एकमुश्त रकम के संदाय द्वारा नहीं किया जा सकता है।

*(d)* कर्मचारी की दशा में तब्दीली होने के मामले में, अधिनियम के अधीन संदेय अर्ध-मासिक संदाय का पुनर्विलोकन आयुक्त द्वारा किया जा सकेगा।

**149.** कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अधीन कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम के उपबंधों के प्रवर्तन से छूट देने के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि समुचित सरकार की यह राय है कि किसी स्थापन के अभिदाय की दर के बाबत उसकी भविष्य निधि के नियम, इस अधिनियम में विनिर्दिष्ट नियमों की अपेक्षा कम अनुकूल नहीं हैं, तो छूट दी जा सकेगी।

2. यदि किसी स्थापन के कर्मचारी, भविष्य निधि, पेंशन या उपदान की प्रकृति की प्रसुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं, जो उन प्रसुविधाओं की अपेक्षा कम अनुकूल नहीं हैं जो इस अधिनियम के अधीन उपबंधित हैं, तो छूट दी जा सकेगी।

3. जहाँ ऐसी छूट दी गई है, वहाँ इस अधिनियम के अधीन अभिदाय (धारा 6) और नियोजकों द्वारा शोध्य धन का अवधारण (धारा 7A) से संबंधित उपबंध लागू नहीं होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 2

**150.** सुलह बोर्ड, श्रम न्यायालय, अधिकरण या राष्ट्रीय अधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन कोई नियोजक निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई **नहीं** कर सकेगा?

1. उन सेवा शर्तों को, जो ऐसी कार्यवाही के प्रारंभ से ठीक पहले किसी कर्मकार को लागू होती हैं, विवाद से असंसक्त किसी विषय के बारे में परिवर्तित करना

2. किसी कर्मकार को लंबित विवाद से असंसक्त किसी अवचार के लिए उन्मोचित करना या दंडित करना

3. किसी संरक्षित कर्मकार को, उसके विरुद्ध अनुशासनिक समिति गठित करने के पश्चात् उन्मोचित करना या दंडित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 2

*(b)* केवल 3

*(c)* 1 और 2

*(d)* 1 और 3

**148.** Which one of the following statements in the context of the Employees' Compensation Act, 1923 is correct?

*(a)* The lump-sum or half-monthly payment payable under the Act may be assigned or charged or liable to pass on to any person other than the employee.

*(b)* A notice of compensation may be entertained by the Commissioner, even if the notice of the accident was not provided when the accident occurred.

*(c)* Any right to receive half-monthly payment can under no circumstances be redeemed by payment of a lump-sum of such amount.

*(d)* The half-monthly payment payable under the Act may be reviewed by the Commissioner in case there is a change in the condition of the employee.

**149.** Consider the following statements in respect of granting exemption from the operation of the provisions of the Employees' Provident Fund Scheme under the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 :

1. In case the appropriate government is of the opinion that the rules of provident fund as to the rate of contributions of an establishment are not less favourable than those specified in the Act, exemption may be granted.
2. In case the employees in an establishment are in enjoyment of benefits in nature of provident fund, pension or gratuity, which are not less favourable to the employees than the benefits provided under the Act, exemption may be granted.
3. Where such exemptions have been granted, the provisions regarding contributions (Section 6), and determination of money due from employers (Section 7A) under the Act, will not apply.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 and 2 only

munotes.in

**150.** During the pendency of any proceeding before a Board of Conciliation, Labour Court, Tribunal or National Tribunal, which of the following actions ***cannot*** be taken by an employer under the Industrial Disputes Act, 1947?

1. Altering in regard to any matter not connected with the dispute, the service conditions applicable to a workman immediately before the commencement of such proceedings
2. Discharging or punishing a workman for a misconduct that is not connected with the pending dispute
3. Discharging or punishing a protected workman after instituting a Disciplinary Committee against him

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 1 and 2

*(d)* 1 and 3

## SPACE FOR ROUGH WORK

munotes.in

**SPACE FOR ROUGH WORK**

munotes.in

SPACE FOR ROUGH WORK

munotes.in

**SPACE FOR ROUGH WORK**

munotes.in

★★★

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : KASC–A–GIP** **Test Booklet Series**

**Serial No.** 1000249

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL ABILITY & INTELLIGENCE AND PROFESSIONAL SKILL

**Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes** **Maximum Marks : 300**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet.* You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. There is no negative marking for wrong answers.
11. This Test Booklet consists of **two Parts. Part–A** deals with **General Ability and Intelligence** and consists of **75** questions. **Part–B** deals with **Professional Skill** and consists of **75** questions. All **150** questions are to be answered.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है।